## औद्योगिक विकास मंत्री ने निवेश मित्र पर आए मामले निपटाने को कहा

# निवेश पर यूपी की छवि को पुख्ता करें उद्यमी मित्र: नंदी

**समीक्षा**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा है कि निवेशकों के मन में उत्तर प्रदेश को लेकर बनी धारणा को अब पुख्ता करना उद्यमी मित्रों का दायित्व है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक-एक एमओयू को फालोअप करना होगा। उन्होंने कहा कि एक महीने में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित मामलों का निपटारा करा दें।

नंद गोपाल नंदी ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में इन्वेस्ट यूपी द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में ये बातें कहीं। दिन भर चली बैठक में तय हुआ कि उद्यमियों के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी मिलने में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए हर महीने उद्यमी मित्रों और जीएम-डीआईसी के साथ बैठक होगी। मंत्री ने लखनऊ, प्रतापगढ़, अयोध्या, प्रयागराज समेत कई जिलों के उद्यमी मित्रों के साथ संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इंडस्ट्री के लिए सभी जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है। इसके बावजूद भी हम इसे भुना नहीं पाए तो ये हमारी कमी है।




औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता, प्रमुख सचिव आलोक कुमार और सीईओ विजय किरन आनंद ने सोमवार को आईजीपी में आयोजित सम्मेलन में हिस्सा लिया।

## फर्जी आंकड़ेबाजी नहीं चलेगी: विजय किरन

इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरन आनंद ने महाप्रबंधकों, उद्यमी मित्रों को चेतावनी दी है कि अब फर्जी आंकडेबाजी नहीं चलेगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि ऑनलाइन अनुमोदन में तेजी लाने और प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाने से निवेशकों का विश्वास बढ़ सकता है। प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने प्रतिस्पर्धी निवेश गंतव्य बनाने के लिए हितधारकों के बीच सहयोग बढ़ाने का रोडमैप प्रस्तुत किया। सीएम के सचिव सूर्य पाल गंगवार व इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रथमेश कुमार मौजूद रहे।

## 'ब्रांड यूपी' का यूएन में भी बजा डंका

ब्रांड यूपी का डंका अब संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भी बजने लगा है। भारत के राज्यों में से केवल यूपी को 'ब्रांड यूपी' को प्रमोट करने का मौका मिला। राज्य की आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की विशेष सचिव नेहा जैन ने 'उत्तर प्रदेश: डिजिटल व समावेशी विकास में ग्लोबल साउथ का भागीदार' विषय पर 27 से अधिक देशों की उपस्थिति में योगी सरकार का पक्ष रखा।